# <u>कार्यवाही विवरण</u>

**मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भेलाई, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.) द्वारा कुल क्षेत्रफल–19.53 एकड़ में संचालित कोल वॉशरी क्षमता–0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष** के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् दिनांक **24/05/2023 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थान :–शासकीय प्राथमिक शाला झर्राडीह, ग्राम पंचायत भेलाई तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार **मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भेलाई, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.) द्वारा कुल क्षेत्रफल–19.53 एकड़ में संचालित कोल वॉशरी क्षमता–0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष** के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय समाचार पत्र हरिभूमि, बिलासपुर में दिनांक 21.04.2023 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र द पायोनियर, नई दिल्ली के मुख्य संस्करण में दिनांक 21.04.2023 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक **24/05/2023 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थान :–शासकीय प्राथमिक शाला झर्राडीह, ग्राम पंचायत भेलाई तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कार्यालय कलेक्टर जिला–जांजगीर–चांपा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा अनुविभागीय अधिकारी (रा0), कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा, महाप्रबंधक, कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र चांपा, जिला–जांजगीर–चांपा, क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, **सरपंच/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत–भेलाई, बिरगहनी, मोहदा, चारपारा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बलौदा, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.),** डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य

भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है। परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां सूचना प्रकाशन जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को एक भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि दिनांक **24/05/2023 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थान :–शासकीय प्राथमिक शाला झर्राडीह, ग्राम पंचायत भेलाई तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री एस.पी.वैद्य अपर कलेक्टर, एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ मनीष जायसवाल, प्रभारी क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से महाप्रबंधक श्री संदीप कुमार वर्मा, व श्री जगमोहन चंद्रा, पी.एण्ड एम. सॉलुशन, नोएडा के द्वारा **मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भेलाई, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** परियोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी जनसामान्य को अवगत कराया गया।

अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री लखन, ग्राम–डोंगरी** :– मैं जनसुनवाई के संबंध में होने वाले प्लांट से हम जैसे युवाओं जैसे पढे–लिखे को रोजगार के अवसर मिल सकते है। जिससे हमारे गांव व आसपास के लोगों को रोजगार मिल सकता है। कई विकास कार्य हो सकता है। हमारे ग्राम व आसपास के, जन सुनवाई के संबंध में मैं अपना समर्थन करता हूॅ।

2. **श्री आर्यन यादव, ग्राम–बलौदा** :–हमारे ग्राम भेलाई में जन सुनवाई का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम से हम सहमत है। हमें रोजगार की अति आवश्यकता है। जन सुनवाई का समर्थन करते है।

3. **श्री निलेश भारद्वज** :– इस कोल वॉशरी आने से हमारे ग्राम में विकास होंगे। रोजगार के अवसर खुलेंगे एवं रोड़ो का विकास होगा। गांव की आय बढेगी। इस जन सुनवाई का मैं समर्थन करता हूॅ।

4. **श्री विजय बंजारे, ग्राम–खैराबहरा** :–जो इस प्लांट से हम लोगों को आय एवं हमारे क्षेत्र में हो रहे प्रदूषण को रोकन के लिए विशेष प्रकार के विद्युत यंत्र विद्युत का प्रयोग करेंगे, जिससे हम लोग को कोई दिक्कत नहीं है। इस प्लांट के मिलियन टन को बढाने के लिए कोई दिक्कत है। मैं इसका पूर्ण समर्थन करता हूॅ, कोई आपत्ति नहीं है।

5. **श्री अमित कुमार यादव** :– यह वॉशरी खुलना चाहिए कोई दिक्कत नहीं है।

6. **श्री शंकर लाल कुर्रे, ग्राम–बलौदा** :– कोल वॉशरी का मिलियन टन बनना चाहिए। हम लोग को रोजगार मिलेगा।

7. **श्री निलेश कुमार यादव, ग्राम–भेलाई** :– वॉशरी खुलने में हम लोगों को कोई दिक्कत नहीं है।

8. **श्री कार्तिक राम यादव** :– जो यहां वॉशरी खुल रहा है वॉशरी खुलना चाहिए। हम सभी को काम मिलेगा।

9. **श्री लक्ष्मी चौहान** :– यह कोल वॉशरी खुलने में कोई दिक्कत नहीं है।

10. **श्री अफजल अली, ग्राम–बलौदा** :–यहां वॉशरी खुल रहा है इससे हम सहमत है। यहां के ग्राम के लोगों को रोजगार की अत्यंत्र आवश्यकता है। सभी को रोजगार मिलना चाहिए।

11. **श्री संदीप कुमार, ग्राम–बिरगहनी** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए। बेरोजगार लडको को रोजगार मिलने का अवसर मिले, वॉशरी खुलने से।

12. **श्री फहीम मोहम्मद, ग्राम–बलौदा** :–वॉशरी खुलना चाहिए। रोजगार मिलेगा, कोई दिक्कत नहीं है।

13. **श्री अमित कुमार** :–जन सुनवाइ का पूर्ण सहमत करता हूॅ।

14. **श्री धनंजय यादव** :– हमारे गांव में जो कोल वॉशरी खुल रहा है। उसका हम लोग समर्थन करते है।

15. **श्री अभिषेक पाल ओगरे, ग्राम–बिरगहनी** :–वॉशरी खुलने के लिए सहमत देता हूॅ।

16. **श्री प्रमोद कुमार रत्नाकर, ग्राम–पोंच** :–मैं महावीर कोल वॉशरी को सहमत देता हूॅ कि खुले।

17. **श्री मदन लाल यादव, ग्राम–भेलाई** :– वॉशरी खुलने से हम लोगों को कोई आपत्ति नहीं है। मैं सहमत हूॅ।

18. **श्री अमृत लाल यादव, ग्राम–भेलाई** :– विकास होना चाहिए। गांव का विकास हो, मजदूर का विकास हो।

19. **श्री शिव प्रसाद देवांगन, ग्राम–भेलाई** :–केपिसिटी बढाने में हम लोग का समर्थन है। लेकिन हमारे युवा भाई है केपिसिटी बढेगा उनको रोजगार मिलेगा। जन सुनवाई में हम लोगों का समर्थन है।

20. **श्री खलबहरा यादव** :– केपिसिटी बढना चाहिए। हम लोग को कोई आपत्ति नहीं है।

21. **श्री अनुपाल यादव, ग्राम–भेलाई** :–वॉशरी खुलना चाहिए।

22. **श्री नरेश कुमार देवांगन, ग्राम–भेलाई** :– समर्थन करता हूॅ।

23. **श्री देवी प्रसाद** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

24. **श्री संतकुमार निर्मलकर, ग्राम–कोरबी** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

25. **श्री सतीष यादव, ग्राम–कोरबी** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

26. **श्री लक्ष्मी प्रसाद यादव, ग्राम–कोरबी** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

27. **श्री सादिक खान** :–वॉशरी खुलने से मैं समर्थन करता हूॅ।

28. **श्री अजय पाल टंडन, ग्राम–बिरगहनी** :–महावीर कोल वॉशरी को समर्थन करते है। हम लोगों को रोजगार मिलना चाहिए।

29. **श्री संजू कुमार पाटले, ग्राम–बिरगहनी** :–हम लोग महावीर कोल वॉशरी का समर्थन करते है। हम लोगों को रोजगार चाहिए।

30. **श्री प्रीतम कुमार सोनवानी, ग्राम–बिरगहनी** :–महावीर वॉशरी को सपोट करते है हम लोगों को रोजगार चाहिए।

31. **श्री नरेन्द्र मित्तल, ग्राम–बलौदा** :– इतने कोल वॉशरी बलौदा में स्थापित पहले से है वे क्या हमारे अहित के लिए काफी नहीं है। इसमें जितना जनता का नुकसान हो रहा है। जनता ही जान सकती है महोदय। क्योंकि ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूष्ण, भू–जल स्तर का गिरना। हमारे ग्रुप में 15 दिनों से भू–जल की चर्चा हो रही है। सब अपनी–अपनी पीढा ग्रुप के माध्यम से बताते है। हम आपको समाचार के माध्यम से व आवेदन पत्रों के माध्यम से अवगत कराते है। जो हमारा मौलिक अधिकार जो जनता की है वो तो हमने अपने मत के माध्यम से वोट के माध्यम से हम जनप्रतिनिधियों को दे देते है। आम जनता को कोई चीज में आपत्ति हो। आम जनता चाहे कि ये कार्य नहीं होनी चाहिए। उसे जनप्रतिनिध अनुमति दे देते है। आम जनता के अधिकारों का हनन हुआ कि नहीं हुआ। आज जो जन सनुवाई हो रही है वो जन सुनवाई के लिए कितने दिन पहले प्रावधान है। कितने दिन पहले जन सूचना दी गई है जनता को बताने का कष्ट करें। यहां 15 दिन पहले परियोजना सार और इसके छपे हुये है प्रस्तावना उसके अवलोकन, कथन को आम जनता को दिया जाता है क्या दिया गया है। हमारे भू–जल स्तर कितना नीचे है। हमारे बलौदा का भू–जल स्तर नीचे गिर रहा है। नगर पंचायत में जितने बोरवेल है सूख गये है। पानी की कमी है पूरे बलौदी नगर में यही हाल है। आम जनता की हीत को ध्यान में रखते हुए, ये जन सुनवाई होन चाहिए कि ऐसा न हो कि आम जनता के ऊपर निकल जाये।

आम जनता कभी इसके चक्के के नीचे दब रहे है। धूल खा रहे है, बीमारी बढती जा रही है। छोटा सा हमारा बलौदा और छोटा सा हमारा रोड। आम जनता अपनी पीढा रखते है। आम जनता की सुनवाई कहां है। नाम दिया जाता हॅ जन सुनवाई आम जनता को आज सूचना मिली नहीं है। सूचना किस माध्यम से दी गई है।

32. **श्री संतोष जायसवाल, ग्राम–बलौदा** :–क्षमता बढा रहे है क्षमता बढेगी ट्रक, हाईवा नोएंट्री के बाद में बलौदा से गुजरती है। उसके बारे में नगर ग्रुप में बार–बार चर्चा की, इसका कोई समाधान नहीं है। जैसे जन सुनवाई हो रही है आप क्षमता बढायेंगें। बलौदा में हाईवा जो कोयला गाडी है फिर चलेगी। क्षमता और बढ जायेगी। बलौदा के जनता को और परेशानी होगी। आप तो जन सुनवाई कर लिये आप बताईये कोयला की क्षमता आप बढा रहे है। पर्यावरण को क्षति न हो। आमजनो ंको परेशानी न हो। उसके ऐवज में कार्य किया जा रहा है। बायपास रोड़ में नोएंट्री खुलते ही गाड़ियो का परिवहन हो रहा है। जिससे प्रदूषण भी फैलता है। जन सुनवाई हो रही है आप तो क्षमता बढा रहे है उस क्षमता को बढाने के बाद पब्लिक को पर्यावरण को जो क्षति होगी। उसके बचाव के लिए कार्यक्रम सोचा गया है।

33. **श्री करन यादव, ग्राम–भेलाई** :– नया वॉशरी तो खुल नहीं रहा है। केपिसिटी बढाने के लिए जन सुनवाई रखा गया है। बेरोजगार को रोजगार मिलने का आशा है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुये। बीच–बीच में पेड़ लागाना चाहिए। पानी का छिडकाव होना चाहिए। लोकल हमारे जांजगीर जिले के नव युवाओं को रोजगार देने का प्रयास करें।

34. **श्री शैलेन्द्र पाण्डेय, ग्रामीण मजदूर कल्याण संघ जिले का अध्यक्ष** :–महावीर कोल वॉशरी का जो क्षमता है ये बढाने के लिए यहां जन सुनवाई रखी गई है। ये बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। खदान खुलते है तो मिट्टी, मुरूम, डोलोमाईट, बाक्साईड जैसा भी हो कोल वॉशरी हो कोयला का हो। बताया पढता है कि हम इतना उत्पादन करेंगे और जैसे ही प्लांट खुलती है तो उत्पादन ज्यादा है। तो ये प्रक्रिया की जाती है। ये बहुत ही सामान्य प्रक्रिया मानता हॅू। उत्पादन बढेंगी तो लोगों को रोजी–रोजगार मिलेगा। शासन को जो रॉयल्टी मिलती है उसमें बढोतरी होती है। सीएसआर में बढोतरी होती है। ये खुशी की बात है कि महावीर कोल वॉशरी ने अपना क्षमता बढाया है। लगभग इसमें ढाई गुना क्षमता बढ रही है, उत्पादन की क्षमता। ढाई गुला लगभग लोगों को रोजगार मिलेगा,

रॉयल्टी में ढाई गुना बढोत्री होगी। लगभग ढाई गुना रॉयल्टी मिलेगी। सीएसआर में लगभग ढाई गुना क्षेत्र के लोगों को विकास मिलेगा। अभी तक शिकायत नहीं आया है मजदूरो में या काम करने वालो में। एक ही बात कहूंगा सर सीएसआर मद की राशि है। हमारे जिले में राज्योत्सव होता है। सीएसआर का पैसा लगया जाता है, सीएसआर मद का जो राशि उस क्षेत्र में लगे। बिजली, पानी, सड़क, इलाज के लिए उन्ही क्षेत्र में वहां के प्रदूषण के नियंत्रित करने के लिए लगना चाहिए। सीएसआर की राशि उन्ही क्षेत्र में लगे जो प्रभावित क्षेत्र है। ये नहीं होता है। इस बात का ख्याल रखा जाये। सड़क है और सड़क के किनारे फुटपाथ है जो फुटपाथ नहीं है। बडी गाडी चल रही है बडी गाडी आ जाये तो नीचे उतरना फुटपाथ में बडी गाड़ी उतरना मुश्किल है। बलौदा से नैला तक सड़क किनारे फुटपाथ नहीं है। चलना मुश्किल है, लोग जान हथेली लेकर चल रहे है। ये पीढा है, सड़क की व्यवस्था तो ठीक करीये। बरसात में रोड के किनाने जैसे ही ये गाडी उतरती है 18 चक्का वाला हाईवा उतर गया तो गड्डा हो गया। हम लोग सड़क में नहीं चढ पाते है। रोजी–रोजगार मिले। ढाई गुना रोजगार मिल जायेगी। जो क्षेत्रीय लोगों को लाभ मिले। तत्कालीत सहायता के लिए बीमार पढ गया तो एम्बुलेंस, तो कोल वॉशरी इस व्यवस्था को रखें।

35. **जन समुदाय में से उपस्थित किसी व्यक्ति ने कहा** :– महावीर कोल वॉशरी बहुत दिनो से रोजी–रोटी दे रहा है। इसका विस्तार भी हो, इसका समर्थन हो। हमेशा समर्थन करते आ रहा हूॅ। ज्यादा बिजली होता है कोयला से। इसका मैं समर्थन पक्ष में हूॅ। वृक्षारोपण के लिए धूल, धक्कड, हमारा समर्थन है। रोड में चलने वाले हाईवा अतिरिक्त लोढ लेकर चलते है। जानवरो का लोगों का ओव्हर टेक के कारण जान जाती है। स्थानीय लोगों को काम मांगने से काम नहीं मिलता है। स्थानीय लोगों को काम नहीं मिला। जनता की आक्रोश बढेगी। भविष्य में ऐसा होगा युद्व होगी। इसका समर्थन है मुझें।

36. **श्री राम गोपाल रात्रे, ग्राम–डोंगरी** :– लोग कहते है 7 कि.मी. की परिधि की ग्राम पंचायत को कुछ ना कुछ शासन के तरफ से सीएसआर मद से कुछ न कुछ निर्माण कार्य कराये जाते है। कई बार निवेदन किया हूॅ वार्ड नंबर 16 से सारी कोल वॉशरी की सारी गाडी गुजरती है। वार्ड नंबर 16 में एक तत्काल सामुदायिक भवन निर्माण कराई जाये। समर्थन है।

37. **श्री विजय लाल, ग्राम–भेलाई** :–कोल वॉशरी खुलना चाहिए। बेरोजगार इतना हो गया है। यहां कोल वॉशरी खुलेगी, तो कुछ लोगों को रोजगार मिलेगा। उनके परिवार का पालन पोषण होगा व उनके बच्चों को शिक्षा भी मिलेगी। आसपास के वन क्षेत्र की कटाई हो रही है। सुरक्षा करने का ध्यान दे, पर्यावरण बढीया रहे।

38. **श्री सुमित प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य** :–केन्द्र सरकार ने बोल दिया है कि जो यहां पर कोल वॉशरी वाला कोयला है तो हम लोगय यहां पर यूज नहीं करेंगे। किसी भी पॉवर प्लांट में। कैपेसीटी को कितना बढा रहे है। पर्यावरण का नुकसान होगा। यहां आसपास में इतने सारे जंगल है, जानवर है उनके लिए भी इन्होंने क्या किया। कुछ नहीं किया। मैं बोल रहा हूॅ जो चल रहा है उसको भी बंद करना चाहिए। यहां पर ये जो भी लोग अपना कारोबार चला रहे है। एक ठोक डिटेल कहां है जन सुनवाई का क्षेत्र में कहां–कहां दिये है। चस्पा कहां हुआ है। गलत जन सुनवाई नहीं होना चाहिए। मैं जन सुनवाई का विरोध कर रहा हूॅ। यहां पे कोई रोजगार नहीं मिलता है। जन सुनवाई में बोलेंगे कि जनता को रोजगार मिलेगा। यहां पर किसी को नौकरी नहीं मिलती है। प्लांट वाले के फायदे के लिए मिलता है। पर्यावरण संबंधी यहां कुछ नहीं है। ये नास कर रहा है महावीर कोल वॉशरी, यहां पर इतनी गाड़ियां चलेगी जस्ट डबल चलेगा। इतना धुआं उठेगा, कौन जिम्मेंदार होगा। हम ऐसे जन सुनवाई का विरोध करते है। कोर्ट में भी जायेंगे। मैं जन सुनवाई का विरोध करता हूॅ। जन सुनवाई नहीं होना चाहिए। यहां पर कोल वॉशरी बढाना नहीं चाहिए। मैं इसका विरोध करता हूॅ।

39. **श्री आनंद शर्मा, ग्राम–भेलाई** :–मैं एक बैलाडीला आयरन ओर प्रोजेक्ट एक कर्मचारी का लडका हूॅ। जो भी परियोजनाएं होती है। वे क्या सुविधाये देती है उसके लगने से क्या फायदा होता है। इससे भलीभांती परिचित हूॅ। इस क्षेत्र में ये देखा कि यहां के लागे केवल कृषि के भरोसे में जीते थे। सन् 2007 में महावीर कोल वॉशरी कंपनी हमारे गांव में एक छोटी सी जगह में एक उद्योग खोली। इस खोलने के बाद जो बदलाव हुआ है। हमारे गावं व आसपास के गांव के लोग जो रोजगार के लिए तरस्ते थे। भले ही प्राईवेट संस्था है। ये रोजगार प्रदान कर रही है। इस वॉशरी के आने से कई नौकरी वाले का फायदा, कई ड्राईवर बने, पान ठेल वाले, कई ढाबाये खुल और अनेक प्रकार के सिविल कार्य करते है उसमें भी मजदूर के बतौर काम मिलता है, कोई ठेकेदारी करता है।

कोल वॉशरी के आने से फायदा तो हुआ है। ऐसी बात नहीं है कि नुकसान ही नुकसान हुआ है। कुछ पाना होता है तो कुछ खोना भी पडता है। अच्छी जिंदगी जी रहे है। इस वॉशरी की कृपा से। आज कोयले का पैसा हमारे जांजगीर जिले में जीने खाने के लिए आ रहा है। मैं वॉशरी के पक्ष में ही बोलूंगा। विरोध में नहीं बोलूंगा। फायदा दिख रहा है। वॉशरी खुली हमारे गांव में जो काम हो रहा है। एक चौथाई वॉशरी करती है। कोई भी आके वॉशरी को दोष मत दे। असली भूमिका किसकी है। वॉशरी वाले निर्दोष है। हम लोग को रोजगार दिला रहे है। सीएसआर के लिए भी काम कर रहे है। बलौदा का वॉटर लेबल डाउन है। बलौदा के आसपास 84 गांव में पानी की कमी है। उद्योग लगाते जा रहे है आप उद्योग लगाने में समर्थन करते है। वॉशरी वॉटर लेवल नहीं बढा सकती। इस क्षेत्र में पानी का पूर्ति करना सरकार की जवाबदारी है। हमारे 84 गांव अशिक्षित है। धीरे–धीरे उद्योग लगता जा रहा है। पानी की कमी होती रहेगी। दुघटनाऐं वॉशरी इसमें भी कुछ नही कर सकती। कोयला एसईसीएल का जवाबदारी एसईसीएल का। यहां जो भी दुर्घटना होती है उसकी जवाबदारी एसईसीएल को लेना चाहिए। उचित मुआवजे एसईसीएल से करवाईये। वॉशरी में काम कराने जायेंगे तो काम देगी। इस क्षेत्र में बराबर का योगदान एसईसीएल का होना चाहिए। आप से निवेदन करते वॉशरी को दोष मत दिजीए। सरकार का काम कैसा चल रहा है। मैं अपना समर्थन महावीर कोल वॉशरी को देता हूॅ।

40. **श्री प्रमेन्द्र जांगडे, ग्राम–कोरबी** :– कोल वॉशरी खुलने का समर्थन करते है। हम जैसे बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी दूर करने के लिए काम में जाते है, ना जीएम का मुलाकात होता है, न चपरासी किसी का नंबर या मिलने देता है। ये सब चीज हमारे साथ गलत होता है। 7 किलोमीटर हम आपके दायरे में आते है। छत्तीसगढ से दूर पलायन करने हम बाहर क्यो जाये। इस पर हमें ध्यान देकर काम पर रखिये, काम दिजीए जब जाके हम समर्थन करते है। टाईम के हिसाब से आप भरी वाहन चलाईये। हम जैसे छात्र, भाई–बहन आना जाना कर रहे है उनको परेशानी न हों। नो एंट्री का पालन करवाईये। कोल वॉशरी खुलने के लिए समर्थन करते है।

41. **श्री अरविंद कुमार जांगडे, ग्राम–कोरबी** :– ग्राम–भेलाई में जो महावीर कोल वॉशरी खुल रहा है उसका मैं समर्थन करता हूॅ। इतनी गाड़ियां चलती है, कोरबी में चलती है। मैं कोरबी से हूॅ उसमें सभी वाहन ओव्हर लोड चलते है। उसको ध्यान दीजीए। मैं महावीर वॉशरी को समर्थन करता हूॅ।

42. **श्री प्रदीप जांगडे ग्राम–कोरबी** :– भेलाई कोल वॉशरी का मैं समर्थन करता हूॅ। जितनी भी गाडी चलती है धूल डस्ट जो गाडी कोरबी में चल रहा था, पानी डालने वाला उसको बंद करा दिये है। उसको बंद करा दिये है। मैं समर्थन करता हूॅ भेलाई कोल वॉशरी का।

43. **श्री रूपेश यादव** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। हमारे जितने भी भाई बडे–छोटे बेरोजगार है उन लोगों को रोजगार देने का निवेदन करता हूॅ।

44. **श्री सुजित डहरिया** :– हमारे गांव में 35 से 40 कोल वॉशरी है लोकल आदमी को काम नहीं दिया जाता है। उनका हाथ गोड नहीं है क्या। जब भी काम मांगने जाता है तो उन लोग बोलते है हम लोकल आदमी को काम में नहीं लेंगे। लोकल आदमी पसीना नहीं बहाता है। एक आदमी को काम में नहीं ले रहा है। कोल वॉशरी को पूरा उडा दो, बंद कर दो। लोकल आदमी को काम नहीं दे रहा है तो। 15 साल से काम के लिए जा रहा हूॅ लोकल आदमी को काम में नहीं लेंगे। हम में क्या खराबी है लोकल आदमी, हम लोग भी काम कर सकते हैं बाहर से ही काम में लिया जा रहा है। बाहर ही कोल वॉशरी खोले हमारे गांव को क्यों बर्बाद कर रहा है। हमको क्या करना है। क्या कोल वॉशरी के भरोसे में थोडी जी रहे है।

45. **श्री जोगेन्दर सिंह सीदार** :– मैं कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। आसपास के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। जो भी क्षेत्र में काम चल रहा है। स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने के बजाय बहारी लोगों को प्राथमिकता दी जाती है। इसलिए बेरोजगारी ज्यादा बढ रही है। जो वॉशरी खुल रही है। स्थानीय लोगों को प्राथमिकता ज्यादा देनी चाहिए। जिससे बेरोजगारी दूर हो जाये। मैं इस कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

46. **श्री संतोष कुमार साण्डे, ग्राम–बिरगहनी संरपंच** :– आज से 10 से 12 वर्ष पहले महावीर कोल वॉशरी खुला है। हम लोगों को सपोट जितने भी गरीब है हम लोग गांव के जनता लोगों का सभी का सहयोग दिया जा रहा है। मैं समर्थन करता हूॅ। अच्छे'–अच्दे शब्द बोले, कोई भी गलत नहीं बोले है, सही बोले है। बाहरी आदमी को ज्यादा प्राथमिकता दिया जा रहा है। ंये सत्य बात है, गलत बात नहीं है। हम लोग भी पढे लिखे हुये है। हम लोगों को बाहरी आदमी दिया जाता है दर्जा, हम लोग लोकल आदमियों को दिया जाये। हम लोग का सहयोग किया

जाता है। वॉशरी खुला है। बेरोजगारी दूर हो रहा है। बेरोजगारी दूर होगा। बाहरी लोगों को प्राथमिकता दिया जाता है। महावीर वॉशरी में भी हमारा 80 प्रतिशत लोकल आदमी लगा हुआ है। हमारे लोकल आदमी को प्राथमिकता दिया जाये। वॉशरी खुलने पर मैं समर्थन हूॅ। मेरे गांव में पर्यावरण से लेकर, पानी का समाधान किया जाता है। मैं वॉशरी खुलने पर समर्थन करता हूॅ।

47. **श्री हसन कुरैशी, ग्राम–बलौदा** :– मैं इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ। यहां के जितने लोकल हमारे भाई बेरोजगार काम दिलाने के लिए महोदय को बोलना चाहूॅगा। अच्छी बात है यहां रोजगार बढेगा। मैं इस वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

48. **श्री पुरूषोत्तम यादव, ग्राम–भेलाई** :– महावीर कोल वॉशरी खुले हे। हमर गांव मा ज्यादा से ज्यादा आदमी ला रोजगार मिले हे। महावीर कोल वॉशरी का मैं समर्थन करथव। महावीर कोल वॉशरी कतका रोजगार देही। अपन क्षमता के हिसाब से रोजगार देही।

49. **श्री चंद्रशेखर उपाध्याय, ग्राम–भेलाई** :–यहां कोल वॉशरी को खुले 15 साल से ज्यादा हो गया है। कितनो बार यहां जनसुनवाई हुई है। अंतिम परिणाम आता है। अभी तक 02 जन सुनवाई ऐसी हुई है जिसमें विरोध ही विरोध रहा है। उसके बाद भी कार्य शुरू हो गया। इसका अभी चल रहा है इसका क्षमता बढाने के लिए है इसको किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। जो भी कंपनी खुलता है। उसका पहले से एनओसी ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा दिया जाता है, जो हमारे गांव के प्रमुख होता है। पहले से ही प्रस्ताव देकर अपना हाथ कटा चुके है। हम उनके अनुदायी है, हमको किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। यहां कोल वॉशरी में कर्मचारी काम करने जा रहे है वे कहते है हमको 8 हजार मिलता है, कोई कहता है हमको 10 हजार मिलता है, ड्राईवर कहता है कि 12 हजार मिलता है। जिस ढंग से हम कार्य कर रहे है उससे उनको ज्यादा फायदा है। इस बात को देखते है। हमको किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। समर्थन में है।

50. **श्री लक्ष्मी नारायण यादव, ग्राम–भेलाई** :– हमारे ग्राम में पूर्व से महावीर कोल वॉशरी स्थापित है। यहां पर जनसुनवाई आयोजित है। वास्तव में इण्डस्ट्रीज छोटा हो या बडा हमारे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की रीढ की हड्डी है। निश्चित रूप से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष से लाभांनित होते ही है। चाहे रोजगार के रूप में हो या

किसी भी माध्यम से। आज इस वॉशरी की क्षमता विस्तार की बात है। निसंदेह क्षमता विस्तार से बहुत सारे फायदे भी हमें होंगे। कुछ विरोधाभास बाते होती है। हम समय–समय पर सुलझा सकते है। पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए हो तो पर्यावणीय स्वीकृति जनता के लिए हमें किसी भी प्रकार की अडचन हो या मांग हो तो प्रबंधन से बात को रखकर उस व्यवस्था को सुलझा सकते है। ऐसा एक समंजस्य स्थापित किया जा सकता है। मेरा मानन है हमारे क्षेत्र को, हमारे जनता को सभी को एक रोजगार के अवसर पैदा होंगे साथ में हमें अनेको फायदा भी होंगे। मैं व्यक्तिगत रूप से महावीर कोल वॉशरी को अपना समर्थन प्रदान करता हूँ।

51. **श्री बलराम यादव, ग्राम–कोरबी** :– कोल वॉशरी भेलाई की जमीन पर संचालित है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान ग्राम पंचायत कोरबी को हो रहा है। 3500 आबादी वाले गांव को बीचो–बीच बस्ती के बीचों–बीच रोड बनाया गया है। जिसको बलौदा–कटारा बायपास कहां जाता है। एक दिन में यहां 600 गाड़ियां चलती है। जबकि तीन गुना संयंत्र को बढाया जा रहा है। एक दिन में 1200 गाड़िया चलने लगेगी। जिससे आसपास की फसल अब धान की फसल स्टाट होने वाली है वो हरा के बजाय काला हो जाता है। गावं में इतना धूल डस्ट वॉशरी वाले पानी तराई नहीं करवाते। कितनी बार हमारे पंचायत वाले वॉशरी वाले के पास गये। 01 माहिने के लिए पानी तराई कराया गया है। 600 गाड़ियॉ दौडती है गांव के बीचों–बीच में। मैं इसका अपने गावं के तरफ से तहे दिल से बहिस्कार करता हूँ। इसका संयंत्र आगे नहीं बढना चाहिए। इसका सबसे ज्यादा ग्राम पंचायत कोरबी को हो रहा है। इतना बडा तीन गुना संयंत्र बढाया जा रहा है, तो कितनी गाड़ियॉ चलेगी। मावेशियों का हाल बेहाल है आप कोरबी–कटरा बायपास जाइयें, एक दिन में 10 मावेशी मृत मिलेगा।

52. **श्री कृष्ण कुमार यादव, ग्राम–भेलाई** :– वॉशरी में जो नौकरी लेना है। 40 प्रतिशत ग्राम पंचायत भेलाई के बेरोजगार लडको को भर्ती होना चाहिए।

53. **श्री मनमोहन यादव, ग्राम–भेलाई** :– मैं महावीर कोल वॉशरी में कोम करता हूँ। मैं महावीर कोल वॉशरी का समर्थन करता हूँ।

54. **श्री सदन यादव, ग्राम–भेलाई सरपंच** :–आज से 15 साल पहले महावीर कोल वॉशरी का स्थापना हुआ है। कोल वॉशरी की स्थापना होने से गांव के बेरोजगारो को रोजगार मिला है। साथ ही साथ क्षेत्र के लिए विकास भी हुये है। कोई भी

प्लांट अगर खुलते है सबसे पहले प्राथमिकता उस ग्राम के लोगों को देनी चाहिए। जिस ग्राम में वॉशरी खुलते है। सीएसआर का पैसा जिला में जमा करा लेते है। मुख्य रूप से उस ग्राम, क्षेत्र को छोड देते है। ग्राम, क्षेत्र अगर कोई भी उद्योग लगते है उसमें लाभ भी होते है, हानि भी होते है। लाभ ये है कि क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल रहा है, गांव का विकास हो रहा है। हानि ये है। सीएसआर का पैसा इस ग्राम को नहीं मिलते है। बाहर दे दिये जाते है। डस्ट, प्रदूषण हम खाते है। इस क्षेत्र में विकास नहीं होता है। सीएसआर का पैसा जिस ग्राम में उद्योग लग रहा है। पहले प्राथमिकता दिया जाये। उस गांव का विकास करें। बीच–बीच में आकर चेक करें। क्षेत्र का क्या हाल चाल है। पर्यावरण, स्वास्थ, शिक्षा का भी ध्यान दे। हम तीन माह में वॉशरी को निर्देशित करें। हर तीन माह में कैम्प लगाया जाये, जो वहां काम कर रहे है। स्वास्थ परीक्षण कराया जाये। गांव के बच्चे जो पढ रहे है उनके शिक्षा का ध्यान दे, विकास करें। वॉशरी खुलने पर क्षेत्र को फायदा होगा। साथ ही साथ निवेदन करना चाहूंगा। क्षेत्र के विकास के लिए सीएसआर का उपयोग किया जाये। जिस पंडाल पर हम उपस्थित है यहां पर 20–25 एकड जमीन है। अभी अहाता नहीं हुआ है। कई लोग कब्जा कर रहे है। सीएसआर का पैसा स्कूल में देते तो यहां स्कूल बन जाता। यहां मुक्तिधान नहीं है। मुक्तिधाम के बगल में ईट भट्ठा संचालित है। ग्राम के विकास के लिए क्षेत्र के विकास के लिए सीएसआर प्राथमिकता दे। साथ ही साथ वॉशरी का विस्तार होने पर गाडियों की संख्या बढेगी। बायपास रोड का निर्माण करे। बिरगहनी'–कोरबी के पास आती है थाना के पास न आकर जावलपुर के पास निकाला जाये। जिससे कि सभी को सुविधा हो सकें। यहां बच्चे लोग पढने आते है बलौदा में। बच्चे पढने आते उस समय पर नो एंट्री रखा जाये। नोएंट्री पर मुख्य रूप से प्रतिबंध किया जाये। गाडियां कितने समय आती है कितने समय जाती है इसका कोई वो नहीं है। वॉशरी खुलन चाहिए। क्षेत्र के विकास में आप सभी सहयोग करें।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया। किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब लगभग 12:40 बजे अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री जगमोहन चंद्रा, पी.एण्ड एम. सॉलुशन, नोएडा **मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भेलाई, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** के द्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुख्य मुद्दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। लगभग 12:45 बजे अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में 35 आवेदन पत्र सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 54 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 100 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 47 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**प्रभारी क्षेत्रीय अधिकारी**
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर (छ.ग.)

**अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी**,
जिला–जांजगीर–चांपा